धनबाद, शनिवार
25 जनवरी 2025
पौष, शुक्ल पक्ष
वर्ष : 03, अंक 94
मूल्य : 3 रुपये

# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया
सच्ची बात



संस्करण : धनबाद | Website : www.news12bharat.com | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com 

## संक्षिप्त खबरें

### मुरलीडी क्षेत्र कोकिंग कोल का भंडार में अवैध कोयले कारोबारी रात दिन कोयला लूट रहा हैं

**वन विभाग क्षेत्र में जमीनों को चीर कर अवैध तरीके से कोयले निकासी कर ट्रैकों में ले जाया जा रहा है वन अधिकारी क्यो सिकुड़ती दिख रही है।**



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

ग्रामीणों को डर सता रहा है कि आने वाला समय में प्राकृतिक वातावरण पहचान , स्वास्थ्य , भूधसान से हमारे बच्चों कि जिंदगी व भविष्य के साथ खिलवाड़ का जिम्मेवार कौन। इस क्षेत्र में प्राकृतिक वातावरण एक अपना अलग पहचान बना रखा है जहां दामोदर नदी किनारे लाखों पेड़ यह सुशोभित करता है ,इस क्षेत्र को शुद्ध हवा प्रदान कर रही हजारों पेड़ों को अवैध कोयला कारोबारी द्वारा माइंस चलाने के लिए काटा जा रहा हैं, इतना ही नहीं माइंस के अंदर लकड़ी के खंभे का उपयोग में भी ला रहे है ,जो की वन विभाग की पूरी टीम यहां कार्य कर रही है लेकिन वह भी इस अवैध कारोबारी के सामने सुस्त दिख रहा है, लेकिन भाटडीह ओपी क्षेत्र में वर्षों से लगे पेड़ को सुरक्षा करने में बीसीसीएल प्रबंधन पूरी तरह से विफल है जिला प्रशासन द्वारा भाटडीह ओपी प्रभारी सहित पुलिसकर्मी तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार पर विराम लगे और इस क्षेत्र की जनता अमन चैन से रह सके.

### धनबाद गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर हुआ परेड का पूर्वाभ्यास





**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गोल्फ ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर आज परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा महोदया और वरीय पुलिस अधीक्षक श्री ह्दीप पी जनार्दनन महोदय ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून ने आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी।

### डीएवी स्कूल बनियाहीर में धूम धाम से मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**नारी को अबला समझना हमारी भूल है नारी तो राष्ट्र की निर्माण करती है - सैय्यद एजाज अहमद**



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**जोरापोखर।** शुक्रवार को डीएवी बनियाहीर के प्रांगण मे राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्री संतोष कुमार गुप्ता ने बालिकाओं को समर्पित अत्यंत भाव पूर्ण गीत से सबको भाव विभोर कर दिया। इसी क्रम में कक्षा नवी की छात्रा रिया कुमारी तथा सातवीं के छात्र श्लोक कुमार ने बालिका सशक्तिकरण को लेकर ओजस्वी भाषण दिया। तो दूसरी तरफ कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अनन्या मिश्रा ने सुप्रसिद्ध कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा रचित कविता ह्लझांसी की रानी ह्लका ओजपूर्ण भाव से वाचन किया। नवी की ही छात्रा प्रियंका कुमारी ने बालिकाओं को समर्पित एक सुंदर और मार्मिक कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य सैय्यद एजाज अहमद ने शिक्षक एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा नारी को अबला समझना हमारी भूल है वह राष्ट्र का निर्माण करने वाली है, सबल, समर्थ और सर्वगुण सम्पन्न है।

इस अवसर पर उन्होंने देश के चतुर्दिक विकास मे पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी, राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के महती योगदान का उल्लेख भी किया।

साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार प्रकट किया।

# भारत स्काउट और गाइड गया द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह संपन्न




**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**गया–** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड गया एवं नगर यातायात थाना गया के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र गया एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार सात दिवसीय राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान भारत स्काउट और गाइड विकसित भारत मेरा युवा के द्वारा जिला मुख्यालय गया के एपीआर मॉल डीएम गोलंबर काशीनाथ मोड पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान का बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया की गाड़ी नियंत्रित चलाएं दो पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें ट्रिपल लोडिंग ना चले चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें इत्यादि के बारे में स्काउट गाइड द्वारा लोगों को गाड़ी रोक कर बताया गया यह कार्यक्रम जिला संगठन आयुक्त गोपाल कुमार एवं नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी हेमंत मथुरिया जी के देखरेख में किया गया सड़क सुरक्षा के बारे में पूछे जाने पर श्री गोपाल कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक चिंता का विषय है बीते कुछ सालों में सड़क दुर्घटना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है इसको लेकर सरकार ने भी सक्रिय होते हुए हर साल के जनवरी माह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया है और उन्होंने बताया कि भारत में हर साल लगभग असी हजार से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटना मे मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कूल मृत्यु का तेरह प्रतिशत है अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक का महत्वपूर्ण भूमिका होती है ज्यादातर मामले दुर्घटनाएं यह तो लापरवाही के कारण होती है या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती है इसलिए सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह है हमारा उद्देश्य सड़क के उपयोगकताओं के बीच सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है कार्यक्रम के अंत में नगर यातायात थाना में राष्ट्रीय गान के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम संपन्न हुआ इस मौके पर ट्रैफिक डीएसपी निशु मलिक ने सभी स्काउट गाइड को उत्साहवर्धन किया नगर यातायात थाना अध्यक्ष मनोज कुमार जिला मुख्य आयुक्त पुरंदर स्वर्णय जिला सचिव रंजीत कुमार स्काउट मास्टर अमित कुमार स्काउट सूरज कुमार सुमित कुमार मोहित कुमार आर्यन कुमार शिवम कुमार गाइड सोनाली कुमारी काजल कुमारी तान्या परवीन शिवानी कुमारी इत्यादि उपस्थित है गोपाल कुमार जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट और गाइड गया बिहार

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर किया गया पूर्वाभ्यास

**गया:**-गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के मद्देनजर गया पुलिस द्वारा हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गया में पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक गया ने इस पूर्वाभ्यास में हिस्सा लिया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और इसकी सटीकता, अनुशासन और समर्पण की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने परेड के हर पहलू का बारीकी से अवलोकन किया और इसे और भी भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।



## डिप्टी सीएम अरूण साव ने MLA रिकेश के प्रस्ताव पर 86 महत्वपूर्ण कार्यों के लिए वैशाली नगर विधानसभा को 325 करोड़ की दी सौगात, कहा - अपने मार्गदर्शन में कराएं गुणवत्तापूर्ण विकास

**भिलाई नगर,** उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरूण साव ने विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग 86 कार्यों की स्वीकृति देते हुए 325 करोड़ रुपए की सौगात दी है।

आज बिहार के समस्तीपुर में मौजूद विधायक रिकेश सेन को मंत्री अरूण साव ने फोन पर यह जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर के समग्र विकास के प्रति शासन एवं आपकी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा आपके विधानसभा क्षेत्र में स्थित नगरीय निकायों को विभिन्न मद एवं योजना अंतर्गत जनहित के विकास कार्यों के लिए यह स्वीकृति दी जा रही है।



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों को अपने मार्गदर्शन में शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने विधायक रिकेश सेन को निर्देशित भी किया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा वैशाली नगर विधानसभा को दी गई 325 करोड़ की सौगात के लिए विधायक रिकेश सेन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि स्वीकृत इस राशि से 86 महत्वपूर्ण कार्य होंगे। उन्होंने कार्य आबंटन की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा उनके प्रस्ताव पर अधोसंरचना मद से 42 कार्यों के लिए 8 करोड़ 19 लाख, 15वें वित्त मद से 43 कार्यों के लिए 4 करोड़ 30 लाख और अमृत मिशन मद से 274.15 करोड़ के कार्य की स्वीकृति से वैशाली नगर में विकास की गंगा बहाने एक बड़ा रास्ता खुला है, इससे जन उपयोगी चिन्हित आवश्यक 86 अहम कार्य होंगे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**बेरमो से राजेश मिश्रा**

बेरमो/भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यकताओं ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र गौरव नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती गोमिया स्थित गायत्री लॉज के प्रांगण में जयंती सह पराक्रम दिवस भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार ने नेताजी के पूज्य स्मृति को याद करते हुए कहा कि महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन संघर्षों की कहानी है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के संकल्प को अंतिम दम तक पूर्ण किया । उनका जीवन प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर, मंडल सदस्यता प्रभारी अजय तिवारी,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री दरबारी मांझी,अनिल स्वर्णकार,गंदौरी राम,आशा पासवान, उमेश ठाकुर, शंभू श्रीवास्तव,काजल कुमारी, विवेक कुमार,आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### झरिया क्षेत्र में तीन दिनों तक जलापूर्ति रहेगी ठप

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**जोरापोखर।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से तीन दिनों तक झरिया क्षेत्र में जलापूर्ति रहेगी ठप। कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया केंद्र परिसर में 30 इंची पाइप लाइन में लीकेज मरम्मती को लेकर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने और कहा कि 27, 28 व 29 जनवरी को 30 इंची पाइप लाइन के उपभोक्ताओं की जलापूर्ति ठप रहेगी। उन्होंने कहा कि पानी बंद होने से पूर्व सूचना देने का उद्देश्य यह है कि उक्त क्षेत्र में रहने वाले सभी लोग पूर्व में ही पीने का पानी स्टॉक कर ले ताकि पानी बंद होने पर उन्हें कम समस्या होगी।

### चासनाला मे हाइवा और स्विफ्ट कार टक्कर, महिला हुई घायल

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**



**पथरडीह।** पथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला मे हाइवा और स्विफ्ट कार नंबर 10 AR 4978 हाइवा में टकर हो गई बताते चले कर में सवार पप्पु महतो अपनी माँ को इलाज हेतु मातृसदान ले कर जा रहा था इसी बिच विपरीत दिशा से आ रही हाइवा नंबर BR 51G 6951 से टकर हो गई जिसमे पप्पू महतो की माँ गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे चासनाला हॉस्पिपटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल महिला की हालत खतरे के बाहर बताई ।

# तोपचांची प्रखंड सभागार में बाल संरक्षण प्र्रक्रिया पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**गोमो।** सामाजिक संस्थान चेतना विकास देवघर के तत्वावधान में तोपचांची प्रखंड सभागार में बाल संरक्षण प्रक्रिया पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं पंचायत इंटरफेस का आयोजन किया गया प्रखंड स्तरीय इस परामर्श कार्यक्रम पर कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे उठ के आए । तोपचांची प्रखंड के तीनों पंचायत दुमदुमी , तांतरी, पावापुर के आठो गांवों को लेकर समुदाय आधारित बाल संरक्षण प्रक्रियाऱविषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र एवं जीपीडीपी में बाल संरक्षण की संभावनाओं को कैसे शामिल किया जाए इस विषय पर समुदाय पंचायत इंटरफेस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चलकरी , भवरदाहा, मानगो, तांतरी , करमाटाड, दादूभांगठ, पावापुर, और नरकोपी गांवों से कुल 100 समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य, तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन, प्रमुख आनंद महतो, उप प्रमुख हेमलाल, बड़ा बाबू महेंद्र रवीना, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंचायती राज , पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी , तीनों पंचायतों के मुखिया, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पावापुर पंचायत के मुखिया ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चेतना विकास की ओर से समुदाय आधारित बाल संरक्षण प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक अरिंदम सरकार ने चेतना विकास के अन्य कार्यों के बारे में सूचना दिया और बाल संरक्षण जागरूकता के विभिन्न पहलुओं को समुदाय के सामने प्रस्तुत किया। उनके साथ संगठन के अशोक कुमार महतो, रेखा कुमारी, उमेश प्रसाद यादव और मृत्युंजय कुमार भी मौजूद रहे।





कार्यक्रम के दौरान समुदाय आधारित बाल संरक्षण प्रक्रिया पर तथ्य चित्र प्रदर्शन किया गया, जिससे समुदाय को बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिली।

प्रखंड प्रमुख आनंद जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपने बचपन और अपने बच्चों के पालन-पोषण से जुड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों को समुदाय के साथ साझा किया। इससे समुदाय को बाल संरक्षण के महत्व को समझने में मदद मिली।

समुदाय पंचायत इंटरफेस के दौरान समुदाय की ओर से कई बाल संरक्षण संबंधित मुद्दे सामने आए, जिनमें से कुछ का समाधान मौके पर ही किया गया। प्रमुख आनंद जी ने बाल संरक्षण विभाग की अधिकारी से तत्काल चर्चा कर समाधान निकाला।

कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि यह प्रक्रिया एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई थी और इसे भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का कोशिश किया जाएगा। प्रमुख आनंद जी ने समुदाय को आश्वासन दिया कि बाल संरक्षण से जुड़े प्रयासों को वह आगे भी जारी रखेंगे और ग्राम पंचायत विकास परियोजना में सामिल करेंगे । प्रखंड पंचायती राज कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश जी ऋढउद्ध में बच्चो के मुद्दों का समावेश के टेकनिकल प्रकिया को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के मदद से समुदाय को संपूर्ण सूचना दिया ताकि वे अपने-अपने गांव के ग्राम सभा में जो और मुद्दों को ग्राम सभा के कार्यवाही में शामिल करें

## संक्षिप्त खबरें

## स्पंदन ने मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती




संस्था के सदस्य ने किया माल्यार्पण

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

धनबाद समाज सेबी संस्था और कल्चरल ग्रुप स्पंदन द्वारा धनबाद न्यू कॉलोनी सरायढेला दुर्गा मंदिर के हाल में स्पंदन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती मनाया गया संस्था के सदस्यों ने बताया कि सबसे पहले उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कर नेताजी सुभाष बोस के चित्र पर मलियापन किया गया फिर कल्चरल प्रोग्राम शुरू किया गया जिसमें कविता पाठ,गीत,वाद्य यंत्र और नित्य प्रस्तुत किया गया पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति का झलक देखने को मिला कार्यक्रम में सभी वर्ग के पुरुष,महिला और बच्चों ने भाग लिया।

इस नेताजी जयंती के कार्यक्रम में स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिन बरनाली सेनगुप्ता, अरविंदो बनर्जी,नीलकमल खवास, लीलामय गोस्वामी,बबलू गांगुली,लीसा चौधरी,स्वाति गुप्ता,सीमा भट्टाचार्यजी,शुभाशीष गुप्ता,प्रणब हालदार,रिशान सेनगुप्ता,कुशन सेनगुप्ता,देवराज चौधरी, अरबी और माला राय ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।

## एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

आल इंडिया लियाफी सिंदरी शाखा की ओर से एलआईसी सिन्दरी शाखा में अभिकर्ता संरक्षण दिवस मनाया गया।

जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सत्य नारायण गोप ने किया तथा संचालन शाखा सचिव राजेश प्रसाद वर्णवाल ने करते हुए कहा कि 1 अक्टूबर 2024 से एल आई सी प्रबंधन के द्वारा काला कानून लाकर अभिकर्ता हित का नुकसान किया जा रहा है, काला कानून में अभिकताओं की कमिशन में कटौती, बोनस दर में कटौती, तथा पॉलिसी में बीमाधारक के प्रीमियम की दर में बढ़ोतरी की गई है, इसके खिलाफ पूरे देश के अभिकर्ता एक होकर संघर्ष करेंगे तभी बीमा व्यवसाय बचेगा। सभी अभिकताओं ने समस्याओं रखा। 1 अक्टूबर 2024 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा लाया गया काला कानुन को वापस लेने का नारा लगाया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार ठाकुर, रामधनी यादव, संजय केशरी, सनत कुमार चटर्जी, राकेश मण्डल, सुनील मण्डल, संजीव कुमार महतो, जंग बहादुर, मुरारी कुमार मिश्रा, लक्ष्मण वर्णवाल, राम प्रसाद, नरेश ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

बी०आई०टी० सिंदरी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत दिनांक 24/01/2025 को सड़क सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बी०आई०टी० सिंदरी के नोडल ऑफिसर डॉ० निशिकान्त किस्कु एवं समन्वयक प्रो० प्रशान्त रंजन मालवीय ने निदेशक प्रो० (डॉ०) पंकज राय के मार्गदर्शन में कियो कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी०आई०टी० सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जीतू कुजूर एवं प्रो० सरोज मीणा रहे कार्यक्रम में राजकीय बुनियादी विद्यालय बी०आई०टी० सिंदरी की प्रधानाचार्या अंजू कुमारी एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुऐ

अपने विशेष व्याख्यान के दौरान, डॉ० जीतू कुजूर ने सड़क पर अनुशासन के महत्व को समझाते हुए सुरक्षा उपायों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात संकेतों का पालन और संयमित वाहन चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही इन्होने अपने प्रेजेंटेशन में विभिन्न यातायात के निर्देश एवं संकेतों पर संक्षिप्त जानकारी भी दी

आयोजन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाना था। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. निशिकांत किस्कु ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए हेलमेट पहनने के लाभ के बारे में सभी को अवगत कराया`

इसी क्रम में प्रो० सरोज मीणा ने कैंपस के आस पास उपयोग हो रहे सड़क सुरक्षा तकनीकियों को इंकित किया और विद्यार्थियों को संभल कर सड़क पर चलने की नसीयत दी राजकीय बुनियादी विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू कुमारी ने बी०आई०टी० सिंदरी के इस पहल की सराहना करते हुए निदेशक प्रो०(डॉ०) पंकज राय एवं नोडल ऑफिसर डॉ० निशिकान्त किस्कु का आभार व्यक्त की

कार्यक्रम में बी०आई०टी० सिंदरी के छात्रों की कुशल सहभागिता ने कार्यक्रम को और सफल बना दियो इनके द्वारा आयोजित क्विज कम्पटीशन एवं फन सेगमेंट से विद्यालय के छात्रों का मनोबल बना रहो कार्यक्रम के हर पड़ाव पर हो रहे प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सम्पूर्ण सहभागिता दिखाई और हर प्रतियोगिता में पुरस्कार बटोरे कार्यक्रम के अगले दौर सभागार में उपस्थित सभी ने सड़क सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण लिया

# बिरसा मुंडा स्टेडियम में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

## सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस- उपायुक्त



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

प्रतिनिधि :: सरायकेला

सरायकेला :: जिले में गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर सभी कार्यालयों आदि में जोर शोर से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में जिले के उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश लूणायत की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जिला बल की दो टुकड़ी, होम गोर्ड की एक, एनसीसी (जेएनवी स्कूल सेरायकेला) की एक टुकडी तथा विभिन्न विद्यालय के चार टुकड़ी तथा केजीबीवी सेरायकेला एवं राजनगर की दो बैंड पार्टी ने परेड रिहलसल में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रथम प्रेत समादेशक परिचारी प्रवर - श्री सिलबेस्टर बा तथा द्वितीय प्रेत समादेशक परिचारी प्रवर श्री उत्तम महता द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया। इस दौरान मौके पर उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी श्री रवि शंकर शुक्ला ने जिले वासियों को गणतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्वाभ्यास में उपस्थित सभी टीमों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। उपायुक्त नें कहा



की कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की द्वारा झांकियां निकली जायेगी जिसमे समस्त जिलेवासी सपरिवार उपस्थित हो कार्यक्रम का आनंद ले। उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यालय विद्यालय एवं अन्य प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभिन्न विद्यालय के छात्र -छात्राएं भाग लेती हैं अतः यातायात नियमों का पालन करे।मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश लूणायत ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को परेड को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश देते हुए दुगना उत्साह के साथ अनुशासन में रहकर भाग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात नियमों को लेकर सभी तैयारी की जा रही है इस हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी संयुक्त रूप से की जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आनंद ले। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# बकाए राशि की वसूली में तेजी लाएं : आयुक्त




**न्यूज 12 भारत**

जमुई : मुंगेर प्रमंडल आयुक्त संजय कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लंबित नीलाम पत्र वाद के अलावे राजस्व वादों की विस्तार से समीक्षा की और डीएम को जरूरी निर्देश दिए। जिला कलेक्टर अभिलाषा शर्मा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ से विभागीय अधिकारियों के संग वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ीं और वांछित प्रतिवेदन समर्पित किया।

आयुक्त ने कहा कि बैंक परिवहन खनन उत्पाद निगम लोक उपक्रमों की राशि बकाया होने के बावजूद लोग जमा नहीं कर रहे हैं। नीलाम पत्र वाद भी शुरू है लेकिन समय पर इसका निपटारा नहीं होने के कारण सरकार को राजस्व की प्राप्ति नहीं हो रही है। नीलाम पत्र वादों में सरकार के विभिन्न विभागों बैंकों तथा अन्य एजेंसियों की बड़ी राशि निहित है। यह चिंताजनक है। उन्होनें सभी डीएम को निर्देश दिया कि अपर समाहर्त्ता के स्तर से अपने-अपने जिला में नीलाम पत्र के वरीय नोडल पदाधिकारियों और नोडल पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों में प्रगति लाने के लिए निर्देशित करें साथ ही वादों के निष्पादन में प्रगति की स्वयं नियमित समीक्षा करें। विभिन्न सरकारी विभागों राष्ट्रीय बैंकों सहकारी बैंकों एवं सरकारी लोक उपक्रमों के लंबित नीलाम पत्र वादों का भी तेजी से निपटारा कराएं। कार्य में तेजी लाने के लिए नीलाम पत्र वादों का शत-प्रतिशत कम्प्यूटरायजेशन करें। विभागवार एवं बैंकवार राशि का विवरण रखें। बैंक के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करें। उन्होंने कहा कि पुराने वादों में नोटिस भेजने के पश्चात भी देनदार द्वारा राशि जमा नहीं किए जाने पर राजस्व की वसूली हेतु बॉडी वारंट एवं डिस्ट्रेस वारंट निर्गत किया जाए। वारंट का विधिवत तामिला कराया जाए। स्थानीय थाना का सहयोग लिया जाए। बॉडी वारंट तथा डिस्ट्रेस वारंट लंबित नहीं रहना चाहिए। बकायेदारों से राशि की शत-प्रतिशत वसूली की जाए। आयुक्त ने कहा कि उनके स्तर से प्रमंडल के सभी जिलों में नीलाम पत्र वादों के निपटारे में प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। निपटारे में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद एडीएम सुभाष चंद्र मंडल डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार डीडीएलआर मो. तारिक रजा समेत समेत अन्य नामित अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद थे।

# औरंगाबाद भाजपा के नए जिलाध्यक्ष का हुआ अभिनंदन समारोह

**बिहार औरंगाबाद से धर्मेन्द्र गुप्ता**

भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का निर्वाचन एवं स्वागत अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह के द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में विजेन्द्र चन्द्रवंशी का नाम घोषित किया गया एवं मंत्री संतोष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और यह कार्यकर्ता का ही देन है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज नए जिलाध्यक्ष के रूप में युवा का नाम घोषित किया गया है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है तो उसमें संगठन की सबसे बड़ी भूमिका है। भाजपा संगठन को कार्यकर्ताओ के लिए एक उदाहरण बताते हुए कहा कि भाजपा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में इकलौती



ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर का एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। इस मौके पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नए दायित्वों के लिए बधाई दिया। पूर्व सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग के सर्वोच्य नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए प्रदेश पार्टी ने अत्यंत पिछड़े समाज के एक गरीब परिवार के नौजवान के ऊपर भरोसा जताकर एक सम्मानित पद से नवाजते हुए एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। आशा है यह नौजवान भाजपा के विचारधारा को जन जन तक ले जाएगा और पार्टी संगठन को भाजपा परिवार के तरह सबको सम्मान देते हुए साथ लेकर चलेंगे। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि पार्टी ने जो मुझपर विश्वाश जताते हुए जो दायित्व दिया है मैं उसे सभी कार्यकताओं का सम्मान देते हुए सभी को साथ लेकर चलूँगा और पार्टी को मजबूत करूँगा।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह,निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष पुरषोतम सिंह,जिला महामंत्री संजय गुप्ता,मुकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह,विशाल वैभव उर्फ टैगोर,जुलेखा खातून,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा,जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा,कैमूर महामंत्री संतोष सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,भाजपा नेता कौशल कुमार,अरुण सिंह,भरत सिंह,राजीव विद्यार्थी,राम विलाश सिंह,दिपक सिंह,बिट्टू कुमार,अभिषेक सिंह उर्फ वशु,टनटन सिंह,लवकुश कुमार,भाजपा नेत्री गुड़िया सिंह,रेखा पासवान,करिश्मा सिंह,अनिल कुमार,सुबोध सिंह,युवा नेता ऋषि सिंह,पप्पू अग्रवाल,लाला शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता लोग नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को भाजपा के जिला स्तर से लेकर प्रखंड के पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामनायें व्यक्त किया है।

## भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर का मनाया गया 101वीं जयंती समारोह

**बिहार औरंगाबाद से धर्मेन्द्र गुप्ता**

औरंगाबाद में जननायक कपूर्री ठाकुर विचार विकास मंच के द्वारा शहर के जननायक कपूर्री स्मारक के समीप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में औरंगाबाद रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर ठाकुर एवं संचालन मंटू ठाकुर ने किया। जननायक कपूर्री ठाकुर विचार विकास मंच के द्वारा अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर 101 वां जयंती मनाई गई। उपस्थित लोगों ने कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चलने और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का शपथ लिया। रेड क्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है खुशी की बात है लेकिन सरकार को बहुत पहले ही यह सम्मान जननायक कपूर्री ठाकुर को देना चाहिए था। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता,रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान अहमद, अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर, उपाध्यक्ष विजय कुमार, कोषाध्यक्ष उदय कुमार ठाकुर,सचिव राजीव रंजन उर्फ विनोद ठाकुर, उपसचिव चंद्रदीप ठाकुर, महिला अध्यक्ष गरिमा भारती, महिला उपाध्यक्ष उत्तम देवी, राजेंद्र ठाकुर, राजू ठाकुर, विमला देवी,प्रमिला देवी, रितु देवी, सुनील ठाकुर, अजीत ठाकुर,मंटू ठाकुर, मुकेश कुमार, चदन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग के अपहरण कर रेप करने के आरोपी दोषी करार

**बिहार औरंगाबाद से धर्मेन्द्र गुप्ता**

शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट न्यायधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने सलैया थाना कांड संख्या -47/18, पोक्सो जी आर नं-17/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त श्रवण कुमार महेशपुर सलैया को नाबालिग का अपहरण कर रेप करने का आरोप में दोषी करार दिया।

स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा -366,376 और पोक्सो एक्ट कि धारा 04 में दोषी ठहराया है सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि -27/01/25 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने बताया कि 31/08/18 को नाबालिग लड़की रात्रि में घर से गायब हो गई,घर के आसपास पुछताछ से पता चला कि अभियुक्त ने बहला फुसलाकर कर बिहार से गुजरात ले गया, गुजरात में जबरदस्ती सम्बन्ध बनाया, लड़की से परिजनों के मोबाइल से सम्पर्क के बाद लड़की करवंदिया सासाराम आई जहां से सलैया पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद कर सलैया थाना लाई थी, अभियुक्त के दोषी ठहराए जाने के बाद बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है, दोषी ठहराए जाने के बाद अभियुक्त चिल्ला चिल्ला कर रोने लगा।




## शहीद जयंत सरकार का शहादत दिवस रंगामाटी सिंदरी में मनाई गई



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी की ओर से शहीद जयंत सरकार का शहादत दिवस रंगामाटी सिंदरी में मनाई गई। आज ही के दिन 24 जनवरी 1995 को गरीबों की लड़ाई लड़ने वाला मुखर युवा नेता जयंत सरकार को एक साजिश के तहत राजनीतिक हत्या की गई।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बलियापुर शाखा सचिव समीरण विद ने की ,वक्ताओं ने कहा जयंत सरकार छात्र नौजवान मजदूर किसान की लड़ाई मुखर होकर लड़ते थे। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनके अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प से होगी।

कार्यक्रम में सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर एडवा के सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा , सचिव मिठू दास, सीपीआई(एम) धनबाद जिला कमेटी सदस्य गौतम प्रसाद, शिबू राय , सुरेंद्र कुमार पांडे, राज नारायण तिवारी रंजू देवी सविता देवी सुबल चंद्र दास, मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।